Dainik Bhaskar, Page-2
Surat, 29/03/2024

सूरत मेट्रो • कापोद्रा से सूरत स्टेशन के 3.46 किमी रूट में डाउन लाइन की 2.104 किमी टनल तैयार

टीबीएम नर्मदा ने सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर किया पहला ब्रेक थ्रू

लवकुश मिश्रा | सूरत

सूरत मेट्रो अंडरग्राउंड सेक्शन पर पहला टीबीएम ब्रेक थ्रू सेंट्रल वेयर हाउस मेट्रो स्टेशन पर किया गया। यह कापोद्रा से सूरत रेलवे स्टेशन तक के 3.46 किमी रूट में नर्मदा टीबीएम द्वारा पहला आधिकारिक ब्रेक थ्रू है। नर्मदा टीबीएम ने डाउन लाइन की 2492 मीटर लंबी टनल का 2104 मीटर हिस्सा तैयार कर दिया है। जबकि अप लाइन टनल में तापी टीबीएम ने 2484 मीटर लंबी टनल का 1450 मीटर हिस्सा तैयार कर दिया है। नर्मदा टीबीएम लाभेश्वर चौक अंडरग्राउंड स्टेशन से आगे बढ़ते हुए सेंट्रल वेयर हाउस अंडरग्राउंड स्टेशन के बीच 651 मीटर टनल बनाकर ब्रेक थ्रू कर बाहर निकली। अब सेंट्रल वेयर हाउस से आगे बढ़कर नर्मदा टीबीएम सूरत रेलवे अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए आगे बढ़ेगी और इनके बीच 388 मीटर लंबी टनल बनाएगी।



टनल के काम का रिपोर्ट कार्ड

डाउन लाइन (नर्मदा टीबीएम)	अप लाइन (तापी टीबीएम)
कापोद्रा से लाभेश्वर तक 1453 मीटर तैयार	कापोद्रा से लाभेश्वर तक 1450 मीटर तैयार
लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस तक 651 मीटर तैयार	लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस तक 644 मीटर बाकी
सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत रेलवे स्टेशन 388 मीटर का काम बाकी	सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत रेलवे स्टेशन तक 389 मीटर बाकी
कुल 2492 मीटर में से 2104 मीटर यानी 84.43% टनल तैयार	कुल 2484 मीटर में से 1450 मीटर यानी 58.37% टनल तैयार

कर्मचारियों ने मनाया पहले ब्रेक थ्रू का जश्न।